JALAUN POLICE

दिनांक – 18.11.2026

कोतवाली कोंच पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 शातिर अभियुक्तों को चोरी के 01 अदद टैबलेट, 01 अदद इन्वर्टर व 03 अदद स्टार्टर एवं 920 रुपये नगद के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

अवगत कराना है कि दिनांक 17.11.2026 को वादी श्री अमरजूलाल गौतम द्वारा थाना कोंच पर तहरीरी सूचना दी गयी कि अज्ञात चोरो द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय पचीपुरा का ताला तोड़कर एक अदद सरकारी टैबलेट सैमसंग कम्पनी का व कुछ नगद रुपये, , एक फिलिप्स कम्पनी का स्पीकर, इन्वर्टर व बैट्री वी गार्ड कम्पनी की व कुछ अन्य सरकारी प्रपत्र चोरी कर लिये हैं। जिसके संबन्ध में थाना कोंच में मु0अ0सं0 239/2026 धारा 331(4)/305 बी.एन.एस. बनाम अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था।

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी श्री आकाश कुलहरि के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन श्री सुरेश चन्द्र रावत के पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ0 ईशान सोनी के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना कोंच पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना कारित करने वाले 02 अभियुक्तगण को चोरी के 01अदद टैबलेट ,01 अदद इन्वर्टर , 03 अदद स्टार्टर व नकदी, एवं घटना में प्रयुक्त उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया है।

चोरी के माल की बरामदगी के संबन्ध में उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्तगण को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

अभियुक्तगण का नाम पता-

1. निहाल उर्फ टिकले पुत्र कमल किशोर अहिरवार उम्र करीब 20 वर्ष नि0 ग्राम पचीपुरी कोत0 कोंच जनपद जालौन
2. पिन्टू पुत्र अशोक अहिरवार उम्र करीब 25 वर्ष नि0 ग्राम पचीपुरी कोत0 कोंच जनपद जालौन

अभियुक्त निहाल उर्फ टिकले उपरोक्त का आपराधिक इतिहास

1.मु0अ0सं0 239/2026 धारा 331(4)/305/317(2) बीएनएस थाना कोंच जनपद जालौन

अभियुक्त पिन्टू उपरोक्त का आपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0 86/2022 धारा 354/504/506 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट थाना कोंच जनपद जालौन।
2.मु0अ0सं0 239/2026 धारा 331(4)/305/317(2) बीएनएस थाना कोंच जनपद जालौन।

बरामदगी का विवरण-

1.दो अदद पैचकस लोहे का

2. एक अदद लोहे की हथौडी व 01 अदद लोहे के प्लास

3. चोरी का 01 अदद टैबलेट सैम्संग कम्पनी का

4. 01 अदद इनवर्टर

5. 03 अदद स्टार्टर

6. 920 रुपये नकद

पुलिस टीम का विवरण-

1.प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कोंच मय पुलिस टीम